कानपुर जोन
I.P.S.

ALOK SINGH

स्व-गणना फ्लो चार्ट

अनुभाग 1 : पोर्टल में प्रवेश एवं प्रारंभिक पंजीकरण

1 पोर्टल में प्रवेश एवं लॉग-इन

https://se.census.gov.in पर जाएँ, अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का चयन करें और कैप्चा कोड दर्ज करें।

2 परिवार पंजीकरण

परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर ई-मेल आईडी (वैकल्पिक) दर्ज करें

⚠ **परिवार के मुखिया का नाम** बाद में बदला नहीं जा सकेगा।

⚠ **प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है।** एक बार पंजीकृत होने के बाद वही मोबाइल नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अनुभाग 2 : सत्यापन एवं स्थान की पहचान

3 भाषा चयन एवं ओटीपी सत्यापन

अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी (OTP) दर्ज करें।

⚠ **चयनित भाषा को बाद में बदला नहीं जा सकता।**

4 स्थान संबंधी विवरण प्रदान करें

अपने जिले का चयन करें, पिन कोड दर्ज करें गांव/नगर/स्थानीय क्षेत्र (लोकैलिटी) की जानकारी भरें

5 मानचित्र पर अपने निवास स्थान को चिन्हित करें

मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर (Drag करके) अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान पर स्थापित करें तथा स्थान की पुष्टि करें।

अनुभाग 3 : डेटा दर्ज करें एवं अंतिम प्रस्तुतिकरण

6 प्रश्नावली पूर्ण करें

मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रश्नावली भरें। प्रश्नों को समझने में सहायता के लिए टूलटिप्स, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) तथा "आवश्यक सूचना" उपलब्ध हैं।

7 पूर्वावलोकन एवं समीक्षा

पूर्वावलोकन (Preview) स्क्रीन का उपयोग करके दर्ज की गई सभी जानकारी की जाँच करें। आप निम्न कार्य कर सकते हैं: डेटा दर्ज करने में संशोधन के लिए वापस जाएं, बाद में प्रस्तुत करने के लिए ड्राफ्ट के रूप में सेव करें, या पुष्टि करें और सबमिट करें

8 अंतिम प्रस्तुतिकरण

"पुष्टि करें और सबमिट करें" पर क्लिक करके अपने डेटा का अंतिम प्रस्तुतिकरण करें, अंतिम प्रस्तुतिकरण के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा।

स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) का सृजन

प्रपत्र के सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने पर 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या (SE ID) उत्पन्न होगी, जो "H" अक्षर से प्रारंभ होती है। यह SMS तथा ई-मेल (यदि प्रदान किया गया हो) के माध्यम से भेजी जाएगी।

अनुभाग 4 : क्षेत्रीय सत्यापन

9 प्रगणक का दौरा

जब जनगणना प्रगणक (Enumerator) आपके घर आएँ, तो उन्हें अपनी SE ID प्रदान करें।

SE ID मिलान का परिणाम

यदि SE ID मौजूदा रिकॉर्ड से मेल खाती है, तो आपकी जानकारी की पुष्टि कर उसे स्वीकार कर लिया जाएगा। यदि SE ID का मिलान नहीं होता है, तो प्रगणक द्वारा नई जानकारी एकत्रित की जाएगी।